## संक्षिप्त

### राजेंद्र प्रसाद सैनी अध्यक्ष नियुक्त

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ढाणी चुलेटा वाली वार्ड नंबर 5 बाईपास श्रीमाधोपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद सैनी पुत्र कानाराम सैनी पूर्व पार्षद को प्रदेश माली सैनी महासभा रजिस्टर्ड का जिला अध्यक्ष नीमकाथाना नियुक्त किया गया। यह



राजेंद्र प्रसाद सैनी

नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद गहलोत एवं प्रदेश महामंत्री संगठन भवानी शंकर माली, प्रदेश सचिव चिरंजीलाल सैनी मूंडरू के द्वारा दी गई। नियुक्ति के बाद जिला अध्यक्ष का उदयपुरिया मोड, खेजरोली, मूंडरू आदि जगह जगह स्वागत किया गया। जल्दी ही जिला अध्यक्ष कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे। इस अवसर पर बधाई देने वालों में सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक, पार्षद विनेश सैनी, राम अवतार सैनी, राजू बागवान, राजेंद्र कुमार सैनी, रामनाथ सैनी, मोहनलाल सैनी जलपाली, सागरमल सैनी व्यापारी, विक्रम सैनी, बाबूलाल सैनी हांसपुर, नरेंद्र शिवम, श्याम सैनी, ओम प्रकाश 'प्रधान', भोलाराम सैनी" पप्पू मिस्त्री, डीके सैनी, रूडमल सैनी लसाडिया, चंद्र प्रकाश सैनी, भवानी सैनी, सुनील सैनी महेंद्र खडोलिया आदि बधाई देने वालों को तांता लग रहा था।

### दिनेश कुमार का होगा सम्मान

**राजगढ, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बडला, श्रीचंदपुरा में पद स्थापित शिक्षक दिनेश कुमार सैनी का चयन राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान 2024 में कक्षा 1 से 5 में किया गया है। इनके नवाचार के लिए इनको शिक्षा सचिव



दिनेश कुमार

नवीन जैन की ओर से राजस्थान के शिक्षक सितारे" अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। ये भामाशाहों के सहयोग से विद्यालय में अनेक विकास कार्य करवाते हैं। सैनी 16 बार रक्तदान कर चुके हैं। दिनेश हिंदी बालगीत नाम से यूट्यूब चैनल भी चलाते हैं। चैनल बना रखा है। ये अपने हिंदी बालगीत, गतिविधि आधारित शिक्षण, खेल खेल में शिक्षा और शिक्षा में शून्य निवेश नवाचार से संबंधित वीडियो तैयार करके यूट्यूब पर डालते है। नवाचार के लिए इनको राजस्थान, सहित अनेक राज्यों में सम्मानित किया जा चुका है। इनके चयन की सूचना से विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश राम चौधरी, संतोष कुमार कुंडारिया, समरथलाल, घनश्याम, सुनीता,भाग्यश्री और नीमलता के साथ ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है।

### प्रबंध कार्यकारिणी का गठन

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** ब्रह्म समाज समिति बौंली नगर के अध्यक्ष राजकुमार तिवाडी ने समिति के कार्य संचालन हेतु प्रबंध कार्यकारिणी गठित की है जिसमें उपाध्यक्ष पद पर राज किशोर जोशी, महामंत्री पद पर गोपाल लाल भारद्वाज एवं कोषाध्यक्ष पद पर शिवकुमार बुंदेला को लिया गया है। संरक्षक मंडल में बाबूलाल शर्मा, दशरथ राज उपाध्याय, राधा मोहन शर्मा, सीताराम बुंदेला, उमाशंकर पाठक को शामिल किया गया है एवं नो साधारण सदस्य एवं छह सम्मानीय सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

### कलेक्टर ने सहायता राशि स्वीकृत की

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने अलग-अलग ट्रेन दुर्घटनाओं में मृतका 2 महिलाओं के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जिला कलेक्टर ने बताया कि दुर्घटना में मृतका गीता देवी पत्नी ओमप्रकाश ढोली निवासी ग्राम नोहटा तहसील निवाई एवं मृतका सुनीता पत्नी सीताराम मीणा निवासी ग्राम ढाणी जुगलपुरा तहसील निवाई के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की हैं।

### मतदान दिवस पर रहेगा अवकाश

**दौसा, (निसं)।** नगर निकाय उपचुनाव के तहत जिले की नगर परिषद दौसा के वार्ड नंबर 17 में मतदान दिवस 5 सितंबर एवं पुनर्मतदान की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र में जिला कलेक्टर के द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# आमजन अलवर को हराभरा एवं स्वच्छ बनाएं : भूपेंद्र यादव

**अलवर, (निसं)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को अलवर शहर की कटी घाटी पर नगर वन उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगर वन निर्माण पर एक करोड 10 लाख रुपए खर्च होंगे और 3.5 हजार पेड पौधे लगाए जायेंगे, जो दो-तीन साल में काफी पनप जाएंगे। नगर वन में छायादार, फलदार और औषधि के पेड लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा की नगर वन को पूरी तरीके से विकसित किया जाएगा जो अलवर शहर के लोगों के लिए मॉर्निंग वॉक की जगह का भी काम करेगा।

भूपेन्द्र यादव ने कहा की पर्यावरण संरक्षण की अपार संभावनाओं को देखते हुए अगस्त माह में अलवर शहर के भूरा सिद्ध में भी मातृ वन का उद्घाटन किया गया था, जिसमें करीब 10,000 पौधे लगाए गए थे। भूपेंद्र यादव ने इस अवसर पर वन्य जीवों के संरक्षण पर भी जोर दिया और साथ ही साथ बताया कि वे शहर में इको टूरिज्म को बढाने के लिए पूरा प्रयास कर रहें है। उन्होंने बताया की केंद्र सरकार के



केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर शहर की कटी घाटी पर नगर वन का उद्घाटन किया।

वन विभाग पोर्टल पर अब तक देश में 52 करोड पेड लगाने का संकल्प लिया जा चुका है। भूपेंद्र यादव ने आमजन से भी आव्हान किया कि वह अलवर को हरा भरा एवं स्वच्छ बनाएं और साफ रखें।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि कोरोना काल में सबसे ज्यादा परेशानी ऑक्सीजन की हुई थी क्योंकि लगातार पेड काटे जा रहे थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस पर विशेष ध्यान दिया और पौधों का संरक्षण करने के लिए पेड लगाने का संकल्प लिया। उन्होंने यह भी कहा कि विज्ञान नगर में विज्ञान केंद्र बनाया जा रहा है जिसके लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है जिसका शीघ्र उद्घाटन किया जाएगा।

> ■ 'सिलीसेढ़ से पानी के लिए 23 करोड़ की योजना स्वीकृत, भाखेड़ा में एनिकट बनाया जाएगा'

संजय शर्मा ने बताया की सिलीसेढ से पानी के लिए 23 करोड की योजना स्वीकृत की गई है क्योंकि सिलिसेढ वन विभाग में आता है इसलिए विभाग की सहमति ली जा रही है। भाखेडा में एनिकट बनाया जाएगा जिस पर 8 करोड रुपए खर्च होंगे। भाखेडा में एनीकट बनने से जहां वन्य जीवों सहित अलवर शहर की जनता को भी पानी मिलेगा। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि रूपारेल नदी से जयसंबंध पानी लाने के लिए पक्की नहर तैयार की जा रही है, जिसको 40 करोड रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। राजस्थान के मुख्य वन्य जीव प्रतिपादक सीसीएफ राजीव चतुर्वेदी ने सभी का स्वागत भाषण किया। यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

### तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** इलाके के टोडा भूमिका माध्यमिक पब्लिक शिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को राजेंद्र प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता तथा युवा कांग्रेस नेता कुनाल सिंह शेखावत के मुख्यातिथि में हुआ। कार्यक्रम में रामवतार जोशी पूर्व सरपंच, मालीराम शर्मा, हरिसिंह तंवर, शंकर महाराज, राजेंद्र बबेरवाल, छितर, कैलाश धौलाका, शिवरतन टेलर, भागीरथ, बनवारी लाल सैनी, जितेंद्र सोनी, सुशीला देवी, सलबा बानो विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। प्रतियोगिता के दौरान उद्घाटन मैच कब्बड्डी का खेला गया। जिसमें टीम ए वन तथा ए टू के मध्य कडा मुकाबला देखने को मिला। उद्घाटन मैच ए टू टीम ने जीता। इसके बाद रस्सा कस्सी, चीत, चम्मच गोली की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इस दौरान निदेशक रमेश चन्द्र कुम्हार, योगेश कुमावत, भवानी सिंह मौजूद रहें।

# पेयजल समस्या पर वार्ड 18 के पार्षद ने कार्यालय पर लगाया ताला

**खैरथल, (निसं)।** नगर परिषद खैरथल में भाजपा का बोर्ड और केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार होने बावजूद नगर परिषद खैरथल में जलदाय विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की निष्क्रियता के चलते भाजपा पार्षदों के वार्डो में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। अधिकारियों के सुनवाई नहीं करने पर नौबत यहां तक पहुंच गई कि पार्षद को वार्ड वासियों के साथ प्रदर्शन कर अभियंता कार्यालय पर ताला लगाना पडा।

शहर के वार्ड नं 18 में पिछले तीन महीने से पानी की समस्या का समाधान नहीं होने पर मंगलवार को भाजपा के वार्ड पार्षद अंकित चौधरी सहित वार्ड के लोगों का सब्र का बांध टूट पडा और सत्तारूढ पार्टी के वार्ड पार्षद अंकित चौधरी ने वार्ड की सैकडों महिला और पुरुषों के साथ हरसौली सडक मार्ग पर स्थित जलदाय विभाग कार्यालय पर



खैरथल जल अभियांत्रिक सहायक अभियंता कार्यालय पर पार्षद व वाडवासियों ने ताला लगाकर धरने पर बैठे।

पहुंचकर सहायक अभियन्ता के कार्यालय पर ताला जड दिया। पार्षद सहित वार्डवासियों ने जमकर जलदाय विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ पार्षद मोहनलाल पोपटानी, पार्षद पति सरदार सुरजीत सिंह, नेमीचंद बंजारा, विक्रम सिंह यादव उर्फ होंडा भी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। सहायक अभियन्ता उस समय कार्यालय में मौजूद नहीं थे।

> ■ वार्ड नंबर 18 में पिछले 3 माह से पानी की समस्या बनी हुई है

वार्ड पार्षद अंकित चौधरी ने बताया कि उनके वार्ड नंबर 18 में पिछले 3 महीनों से पानी की समस्या बनी हुई है जिसको लेकर वे अनेक बार जलदाय विभाग कार्यालय पर आकर अधिकारियों से मिले और समस्या का समाधान करने के लिए गुहार लगा चुके हैं लेकिन हर बार अधिकारी उनसे जल्द ही समस्या का समाधान करने की कहकर पल्ला झाड लेते थे। उन्होंने कहा कि जब उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मंगलवार को मजबूर होकर उन्होंने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता के कार्यालय पर ताला लगाकर धरना प्रदर्शन किया है।

# भागवत कथा में रूकमणी विवाह उत्सव मनाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शहर के सरस्वती गार्डन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में छठे दिन कृष्ण रूकमणी के विवाह उत्सव में कस्बे के कृष्ण भक्तों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। कथा वाचक पवनदेव महाराज ने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रूकमणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।

> ■ कृष्ण भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

जीव परमात्मा का अंश है इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प दृढ एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने महारासलीला, श्री उद्धव चरित्र, श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मिणी विवाह महोत्सव प्रसंगों पर विस्तृत वर्णन किया। श्री रुक्मिणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मिणी के भाई रुक्मि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ निश्चित किया था, लेकिन रुक्मिणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगी। क्यों कि शिशुपाल असत्य मार्गी है और द्वारकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्यमार्गी इसलिए मै असत्य को नहीं सत्य को अपनाऊंगी। अत: भगवान श्री द्वारकाधीश जी ने रुक्मिणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया और उन्हें पत्नी के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया।

कथा वाचक ने कहा कि इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है। इस मौके पर रुक्मिणी देवी रामगोपाल हलवाई, पूजा नीलम अठावाल, नीतू संजय, सागरमल हलवाई, परमानंद सोनी, हरी हलवाई, बजरंग लाल गोपालका, श्यामशरण पटवारी, आशीष तिवाडी बाबूलाल शर्मा, महावीर लाटा समेत भक्तगण मौजूद थे।

### प्राचार्य ने जानी छात्राओं की समस्याएं

**वजीरपुर, (निसं)।** नोडल प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी प्रो.सुमित्रा मीणा ने राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में छात्राओं से संवाद कर समस्याओं की जानकारी ली एवं उनके समाधान का आश्वासन दिया। नोडल प्राचार्य ने छात्राओं से पूछा कि क्या आपकी क्लासेस नियमित रूप से हो रही है तो छात्राओं ने कहा कि हां, हमारी पढाई नियमित रूप से हो रही है साथ में सहशैक्षिणक गतिविधियां भी आयोजित हो रही है जैसे की 26 से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल सप्ताह। बिजली,पानी की भी व्यवस्था सही है। छात्राओं ने नोडल प्राचार्य को बताया कि महाविद्यालय समय पर खुलता है। क्लासेस नियमित रूप से होती है। अन्य सहशैक्षिणक कार्य भी सही से होते हैं। प्रो.मीना ने छात्राओं से संवाद कर छात्राओं की सकारात्मक सोच को जानकर प्रसन्नता व्यक्त की। छात्राओं को स्वयं के मोबाइल नंबर दिए यदि कोई दिक्कत हो तो छात्राएं कॉल कर सकती है। छात्राओं ने नोडल अधिकारी एवं संकाय सदस्यों के व्यवहार को अच्छा बताया। नोडल प्राचार्य प्रो.सुमित्रा मीणा निरीक्षण के लिए कॉलेज आई थी।

# समझाइश कर युवक को टंकी से नीचे उतारा

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के बाटोदा थाना अंतर्गत बरनाला रोड बाटोदा में एक युवक रिंकू मीणा निवासी भावड पेट्रोल की बोतल लेकर टंकी पर चढ गया। सूचना पाकर बाटोदा थाना प्रभारी भरत सिंह मय बल के मौके पर पहुंचे एवं युवक को समझने का प्रयास किया युवक बार-बार आत्मादाह की धमकी दे रहा था। युवक की पत्नी विनीता की चार माह पूर्व एक निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई थी युवक ने इस मामले को लेकर डॉक्टर कमला व कंपाउंड सलमान के विरुद्ध न्यायालय में ईस्तगासे के जरिए मामला दर्ज कराया था जिसकी जांच बामनवास सीओ संतराम कर रहे थे युवक जांच अधिकारी बदलने एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहा था। बामनवास सीओ संतराम ने बताया कि युवक से सांय 6:15 पर समझौता वार्ता पूरी हुई जिसके तहत जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपने पर सहमति बनी एवं अन्य मांगों पर बातचीत करने के बाद युवक टंकी से नीचे आ गया प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली व नारेहडा एवं नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक बुधवार 4 सितम्बर को शाम 3 बजे स्थानीय मोरीजावाला धर्मशाला में आयोजित होगी। कांग्रेस सेवा दल जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में जिला प्रभारी आर.सी. चौधरी, जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव कार्यकर्ताओं से ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के गठन व संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा करेगें।

# विधिक सचिव ने जेल का निरीक्षण कर बंदियों से जानी व्यवस्था

**खैरथल, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) अलवर हरेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश) सचिव मोहनलाल सोनी ने मंगलवार को उपकारागृह किशनगढबास का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपकारागृह में 202 विचाराधीन बंदी निरुद्ध पाए गए जिनको सचिव मोहनलाल सोनी के द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नालसा के द्वारा जारी की गई स्कीम जिसके तहत नियुक्त किए गए (एलएडीसी) लीगल एड डिफेंस काउंसिल के द्वारा बंदियों को नियमित रूप से दी जाने वाली विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त ऐसे बंदी जिन्हें लगातार 4 वर्ष का समय जेल में हो गया है और जो लगातार निरुद्ध चल रहे हैं ऐसे



विधिक प्राधिकरण सेवा जिला सचिव मोहनलाल सोनी ने जेल प्रभारी से जेल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

बंधियों को भी जानकारी दी गई जिसमें इनके मुकदमों को शीघ्र सुनवाई कर निस्तारण करने के प्रयास करने की जानकारी दी गई। इस मौके पर सचिव द्वारा प्रत्येक कैदी से उनकी समस्यायें जानी और उनके मौलिक अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर बंदियों ने अपनी कोई व्यक्तिगत समस्या नहीं बताई और सभी प्रकार की व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। उपकारा गृह में बंदियों के लिए भोजन व्यवस्था एवं साफ सफाई की व्यवस्था भी सामान्य पाई गई।

उपकारागृह का भवन पुराना होने के कारण कई जगह पर टूटफूट पाई गई तथा प्लास्टर उखडा हुआ मिला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा निरीक्षण करवाई में नोट अंकित कर

> ■ बंदियों को दी जाने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी दी

भिजवाया जायेगा। जिस पर उपकारागृह के कारापाल रामेश्वर लाल चौधरी ने बताया कि भवन में टूट फूट कार्य की मरम्मत का तकमीना बनाकर भेजा गया है जिसकी वित्तीय स्वीकृति जारी होने के बाद इसकी मरम्मत करवाई जाएगी। उपकारागृह में बंदियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य कर्मी नियुक्त पाया गया। इस मौके पर उपकारा गृह के कारापाल रामेश्वर लाल चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्मिक अमित अरोडा, अंकित मंगल, तालुका विधिक सेवा समिति किशनगढबास सचिव हेमराज परेवा, पीलवी सूरज कछवाहा सहित जेल प्रहरी आदि मौजूद रहे।

### आज बिजली बाधित रहेगी

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे में बुधवार को प्रात: 8 बजे से दोपहर 12 तक बिजली बंद रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के कोटखावदा रोड स्थित गुर्जर छात्रावास, चाकसू के पास से गुजर रही 33 केवी लाइन को शिफ्ट करने का कार्य किया जायेगा, जिसके कारण 33 केवी लाइन चाकसू का शटडाउन रहेगा, जिसके कारण 33/11 केवी जी0एस0एस0 (220 केवी जी0एस0एस0 के सामने), चाकसू व 33/11 केवी जी0एस0एस0 चाकसू (मुख्य), से निकलने वाले सभी फीडरों की सप्लाई दिनांक 04.09.2024 बुधवार को प्रात: 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी, जिससे चाकसू कस्बा, जगन्नाथ यूनिवरसिटी, चाकसू/, छांदेल /, कोथून /, स्माइलेक्स फैक्ट्री, हैट्रिक, क्लासिकल, मैदा फैक्ट्री, आर.एम.सी. फैक्ट्री, अरिहन्त एग्गने, डायनामिक, आर्का पैकेज, इम्पीरियल, शाइनर पेपर, मुण्डिया, स्वामी का बास, जीवनपुरा, जयसिंहपुरा, टिगरिया, लालपुरा, भूरटिया, राघवपुरा, चौरिया, मुहम्मदपुरा, जयप्रकाशपुरा, निमोडिया, आकोडिया, भादडवास, शीलकी एरिया इत्यादि क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बन्द रहेगी।

## सार-समाचार

### शिवजीलाल मीणा अध्यक्ष बने



**टोंक, (निसं)।** राजस्थान आदिवासी मीना संघ के प्रदेशाध्यक्ष रामकेश मीणा, राजस्थान विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष विधायक गंगापुर सिटि की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय टोंक में संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेशाध्यक्ष के साथ-साथ प्रदेश कार्यकारीणी के कैलाश मीणा खारडा प्रदेश व.उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण, हीरा चाला, प्रदेश संयोजक कैलाश छपरा वाला, कोषाध्यक्ष सवाईमाधोपुर इत्यादि समाज के गणमान्य उपस्थित रहे। बैठक में आदिवासी मीना सेवा संघ के जिलाध्यक्ष एवं कार्यकारीणी के सम्बन्ध में चर्चा की गई। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से शिवजीलाल मीणा झालरा को जिलाध्यक्ष चुना गया। बैठक के बाद में सभी ने जिलाध्यक्ष को बधाई दी।

### देवनारायण जैमन सम्मानित हुए

**दौसा, (निसं)।** कोटा के यूआईटी ऑडिटोरियम में संस्कृत दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय विशिष्ठ विद्वत सम्मान समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर एवं ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर सहित राष्ट्रीय संतों ने दौसा के प्रतिष्ठित शिक्षाविद देवनारायण जैमन को राज्य स्तरीय विशिष्ट विद्वत सम्मान से सम्मानित किया गया। इधर समारोह में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने संस्कृत विभाग की पुस्तिका "श्रावणी" का विमोचन भी किया गया। समारोह में संस्कृत शिक्षा आयुक्त विजयपाल, संभागीय आयुक्त डॉ. उर्मिला राजोरिया, महामंडलेश्वर डॉ. हेमंत सरस्वती, सनु पुरी नागा बाबा, रामदास महाराज और संयुक्त निदेशक तेजकंवर भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एच आर गुप्ता ने किया। देवनारायण जैमन को यह सम्मान उनके शिक्षा के प्रति योगदान और संस्कृत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों को लेकर दिया गया है। इधर देवनारायण जैमन को सम्मानित किये जाने पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. मनीषा शर्मा, उप सभापति कल्पना जैमन, पूर्व पार्षद नरेन्द्र जैमन, अरविन्द जैमन, एडवोकेट रमेश सैनी, राकेश कुमार गुमानपुरा, पत्रकार विनय जोशी सहित शहर के गणमान्य नागरिकों ने खुशी जाहिर करते हुये बधाई दी है।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी

**खैरथल, (निसं)।** राजस्थान के हिंडौन (करोली)में बाढ जैसे हालात से जूझ रहे पीडित परिवारों के लिए खैरथल से दो हजार तीन सौ किलो राहत साम्ग्री से भरा ट्रक भेजा गया है। लायन सुभाष गोयल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संस्था एलसीआइएफ और लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोडा की अनुशंसा पर लियो क्लब खैरथल मण्डी के द्वारा लगभग 2300 सौ किलो राहत सामग्री से लदे ट्रक को श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर महंत पीठाधीश्वर शशिभूषण गल्याण मिश्र एवं लियो एडवाइजर लायन सुभाष गोयल के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर लियो डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट अमन गुप्ता,लियो अध्यक्ष अमन खंडेलवाल ,पूर्व अध्यक्ष मनीष गुप्ता, उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल, लियो शशांक गुप्ता समाजसेवी घनश्याम गोयल आदि मौजूद रहे।

### डीवाईएसपी ने बछड़े की बचाई जान

**निवाई, (निसं)।** डीवाईएसपी मृत्यजंय मिश्रा ने अपने कार्यालय के जवानों के साथ एक बछडे को दलदल से निकालकर उसकी जान बचाई है। डीवाईएसपी मृत्यजंय मिश्रा ने बताया कि उनको सूचना मिली की 80 फिट रोड पर एक गाय का बछडा दलदल में फंसा हुआ हैं। सूचना पर उन्होंने मय स्टाफ के जवान रीडर भागचंद वर्मा रीडर, हेमराज बैरवा, मक्खन वर्मा व राजेश जाट के साथ मौके पर पहुँचे। जहां गाय का एक बछडा दलदल मे बुरी तरह से फंसा हुआ था। 80 फिट रोड पर कई लोग आ जा रहे थे लेकिन किसी ने भी गाय के बछडे को बचाने का प्रयास नहीं किया। इस पर मृत्यजंय मिश्रा ने कार्यालय के जवानों की मदद से स्वयं कीचड में उतरकर बछडे को बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। डीवाईएसपी मृत्यजंय मिश्रा के इस पुनित कार्य की निवाई शहर सहित ग्रामीणों में सराहना की जा रही है।

### डॉ. राजेंद्र यादव सम्मानित हुए

**शाहपुरा, (निसं)।** श्री कृष्णा ग्रुप ऑफ एजुकेशन मनोहरपुर के डायरेक्टर डॉ.राजेंद्र यादव को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य देवो भव: विद्वान अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. यादव को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर इस अवॉर्ड से नवाजा गया। अवार्ड प्राप्त करने पर क्षेत्रवासियों, प्रबुद्धजनों, शिक्षकों व छात्रों ने डॉ. राजेंद्र यादव को शुभकामनाएं दी।

### गणेश महोत्सव की तैयारियों पर बैठक

**पावटा, (निसं)।** पावटा स्थित गणेश मंदिर परिसर में गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर श्री विनायक कमेटी पावटा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। 2002 से लगातार श्री विनायक कमेटी पावटा द्वारा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समय के साथ महोत्सव का स्वरूप भी बढता चला गया। इस वजह से कमेटी का विस्तार करनें के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। जिससे कि गणेश महोत्सव हर्षोल्लस पूर्वक मनाया जा सके। कमेटी के निर्णय के अनुसार गणेश चतुर्थी महोत्सव मनाने को लेकर कम समय में तैयारी पूर्ण करने पर जोर दिया गया। यह दो दिवसीय महोत्सव 6 व 7 सितबर तक चलेगा। जिसमें 6 सितबर शुक्रवार को मेहन्दी रस्म, पंचामृत अभिषेक व शोभायात्रा कार्यक्रम व 7 सितंबर शनिवार को भगवान गणेश महाराज के भव्य दरबार की झाकी व महाआरती का आयोजन किया जायेगा। वही महिलाएं घर से दीपक लाकर दीप प्रज्वलित कर सकती है। इसके लिए मंदिर के सामने ही टेबलों पर दीप प्रज्वलित कर सकती है। महोत्सव के अंतिम दिन 7 सितंबर शनिवार को गणेश जी महाराज के लगाए गए भोग के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर अजय गोयल, महावीर यादव, विपिन गंगावत, चेतन जोशी, लोकेश टांक, आशीष शर्मा, बिहारी सोनी, रोहिताश गढवाल, सन्नी मोदी सहित श्री विनायक कमेटी पावटा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रगणक, सुपरवाइजर करेंगे पशुगणना

**टोंक, (निसं)।** मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत-सरकार द्वारा की जा रही 21वीं पशुगणना माह सितंबर से दिसंबर-2024 तक आयोजित की जाएगी। पशुगणना में जिले के 97 प्रगणक एवं 17 सुपरवाइजर पशुओं की गणना करेंगे। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 76 प्रगणक एवं 21 प्रगणक शहरी क्षेत्र में गणना करेंगे। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में 15 एवं 2 सुपरवाईजरों की ड्यूटी शहरी में क्षेत्र में लगाई गई है। संयुक्त निदेशक ने बताया कि 21 वीं पशुगणना के तहत प्रगणकों एवं सुपरवाईजर को मोबाइल ऐप पर डेटा फीडिंग एवं स्क्रूटनी का प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि प्रशिक्षण संस्थान, बमोर गेट टोंक में आयोजित किया गया।

### चेजा पत्थर का भंडारण जब्त

**निवाई, (निसं)।** जिला उप वन संरक्षक मारिया शाइन के निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी लक्ष्मीकांत जैमन के नेतृत्व में ग्राम पंचायत नोहटा एवं बारेडा रोड पर अवैध रूप से पडे चेजा पत्थर के भण्डारण को रेंज निवाई और गश्तीदल टोंक द्वारा जब्त करके वनरक्षक चौकी नोहटा में सुरक्षार्थ रखा गया। कार्यवाही के दौरान गश्तीदल रेंजर कालूराम जाट, सहायक वनपाल मोहनलाल मीना, जगदीश गुर्जर, विनोद चौधरी, नाका प्रभारी रामराज मीना, बद्रीलाल भारी, बर्मा चौधरी व राजेश नायक सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

### शैलेश माथुर को बधाई दी

**सांभरझील, (निसं)।** पार्षद सुशीला शर्मा ने वार्ड 19 में भाजपा सदस्यता अभियान के तहत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भाजपा सदस्यता संख्या 7001633677 (भाग संख्या 158) के जरिए शैलेश माथुर की सदस्यता का पहला नवीनीकरण कर उन्हें बधाई दी। माथुर ने कहा कि यह मेरे लिए हर्ष का विषय है कि मुझे वार्ड में सबसे पहले सदस्यता नवीनीकरण होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ सत्यनारायण शर्मा व अनेक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।